# समाचार

# प्लास्टिक फ्री कोरबा

## सरस्वती स्कूल के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को दिया प्लास्टिक फ्री का संदेश

(प्लास्टिक का उपयोग न करने, गीला सूखा कचरा अलग–अलग देने, अपने आसपास गदंगी न फैलाने का लोगों से किया आग्रह)




कोरबा 18 सितम्बर 2019 –प्लास्टिक फ्री कोरबा एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने आज सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा पूर्व के छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला का निर्माण एवं स्वच्छता रैली का आयोजन कर प्लास्टिक का उपयोग न करने, गीला सूखा कचरा अलग–अलग देने तथा आसपास गदंगी न फैलाने का संदेश लोगों तक पहुंचाया।

यहां उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्लास्टिक फ्री कोरबा का महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के साथ–साथ नगर के व्यवसायिक व स्वयंसेवी संगठनों, महिला स्वसहायता समूहों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में आज सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल कोरबा पूर्व के छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया तथा स्वच्छता रैली निकाली। उन्होने इसके माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग न करने, गीला एवं सूखा कचरा अलग–अलग डस्टबिन में संग्रहित करने तथा सफाईमित्र को सूखा व गीला कचरा पृथक–पृथक देने, अपने आसपास गदंगी न फैलाने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य आर.के. देवांगन एवं विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया। इस मौके पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, पी.आई.यू.

सुनील द्विवेदी, स्वच्छता पर्यवेक्षक अजीतकुमार परमहंस, रामप्रसाद मिर्री के साथ स्वच्छ कोरबा स्काड की टीम उपस्थित रही।

<u>**100 किलो प्लास्टिक अपशिष्ट किया एकत्रित**</u>– आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्लास्टिक फ्री कोरबा के अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों, बुधवारी बाजार, सरस्वती शिशु मंदिर, अंधरीकछार स्कूल चौक से होते हुए आई.टी.आई चौक एवं बालको रोड में सड़क के किनारे बिखरे हुए प्लास्टिक अपशिष्ट को चुनकर एकत्रित करने का अभियान चलाया तथा 100 किलो प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्र किया।